II

# Power Resources and Energy crisis in India (RnD)

## (Natural Gas)

आधुनिक युग मे प्राकृतिक गैस भी ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण साधन है।
वर्तमान मे प्राकृतिक गैस का उपयोग मुख्यतः विद्युत और उर्वरक जैसे मूल क्षेत्र के उद्योगों के लिए किया जाता है।
वर्ष 2013-14 मे प्राकृतिक गैस का उत्पादन 87.52 लाख टन जो वर्ष 2014-15 मे बढ़कर 91.56 लाख टन हो गया। इस प्रकार देश मे प्राकृतिक गैस के उत्पादन को बढ़ती आवश्यकताओं के अनुरूप उच्च स्तर तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है।
घरेलू उपभोग के अतिरिक्त उससे औद्योगिक आवश्यकताओं को भी पूरा किया जा सके।

## खनिज तेल का आर्थिक महत्व

खनिज तेल का वर्तमान युग मे अत्यधिक महत्व है। इसके महत्व का प्रतिपादन निम्नलिखित बिन्दुओं द्वारा किया जा सकता है।

(1) परिवहन व्यवस्था मे शक्ति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण साधन: →

खनिज तेल उत्पाद परिवहन व्यवस्था मे शक्ति के महत्वपूर्ण साधनो के रूप मे कार्य कर रहे हैं।
अशोधित तेल से मुख्य उत्पाद गैसोलीन बनाया जाता है।
यह हल्का और उच्च शक्तिशाली तरल पदार्थ है जिसको सरलता से संग्रहीत किया जा सकता है और एक स्थान से दूसरे

Scanned with CamScanner

स्थान तक ले जाया जा सकता है।
अधिकांश मोटरगाड़ियों और वायुयानों में शक्ति के लिए गैसोलीन का प्रयोग किया जाता है।
डिजल इंजन हल्के अथवा डिस्टीलेट ईंधन तेल से चलाये जाते हैं।
डीजल इंजन का मूल्य बहुत कम होता है।
सड़क और रेल परिवहन में डीजल इंजनों का व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जाने लगा है।
समुद्री परिवहन में भी अधिकांशतः खनिज तेल का ही प्रयोग किया जाने लगा है।
पेट्रोलियम उत्पादों का लगभग 50% भाग परिवहन व्यवस्था में प्रयोग किया जाता है।
पेट्रोलियम आधुनिक परिवहन व्यवस्था की रीढ़ है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

(2) कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका : ⟶

कृषि क्षेत्र में भी पेट्रोलियम पदार्थों की उपयोगिता निरन्तर बढ़ती जा रही है।
नाइट्रोजन उर्वरक, कीटनाशक औषधियाँ और पौध संरक्षण रसायन कुछ ऐसे महत्वपूर्ण पेट्रोलियम उत्पाद हैं जो आधुनिक कृषि में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे हैं।
पेट्रोलियम के छिड़काव से भूमि को रेतीली होने से बचाया जा सकता है।
डीजल से कुओं में लगे पम्पिंग सेट, ट्रैक्टर और थ्रेशर आदि चलाए जाते हैं।

(3) मशीनो के लिए उपयोगी चिकनाई की व्यवस्था:→ आधुनिक युग मे उत्पादन के प्रत्येक क्षेत्र मे बड़ी - बड़ी मशीनो का प्रयोग किया जाता है। यह मशीने चिकनाई के बिना नही चलाई जा सकती।
पेट्रोलियम तेल और ग्रीस चिकनाई के रूप मे सबसे बड़े और महत्वपूर्ण साधन है।

(4) अनेक रासायनिक पदार्थों के बनाने हेतु।→ पेट्रोलियम उत्पादो से अनेक रसायनिक पदार्थों के अतिरिक्त रसायनिक रबड़, नायलॉन एवं प्लास्टिक आदि बनायी जाती है।
हल्के तेल के द्वारा मोमबत्ती और मोमी कागज बनाया जाता है।

Scanned with CamScanner